फ्रांस की कंपनी लिगियर भारत में अपनी माइक्रो ईवी कार की टेस्टिंग कर रही है। चर्चा है कि यदि यह मिनी कार भारत आई तो इसे एक 1 लाख रूपये के प्राइसबैंड में पोजिशन किया जा सकता है। यूरोपीय मॉडल पर बेस्ड इस 2 सीटर मिनी ईवी में बैटरी पैक ऑप्शन मिलने की चर्चा है और इनकी रेंज 63 से लेकर 192 किमी तक हो सकती है। लिगियर मिनी ईवी 2958 मिलीमीटर लंबी, 1499 मिलीमीटर चौड़ी और 1541 मिलीमीटर ऊंची है। दो दरवाजे की इस माइक्रो कार का व्हील साइज 13 से 16 इंच के बीच हो सकता है। इसमें 10 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, एपल कार प्ले और एंड्रॉइड ऑटो सपोर्ट, पावर स्टीयरिंग, ऑटोमैटिक क्लाइमेंट कंट्रोल, हीटेड ड्राइवर सीट और कॉर्नर एसी वेंट आदि कई जरूरी एडवांस्ड मॉडर्न फीचर्स होंगे। लिगियर मिनी ईवी को भारत में गुड, आइडियल, एपिक और रीबल जैसे 4 वेरिएंट में लॉन्च किया जा सकता है और इनमें 4.14 किलोवॉट , 8.2 किलोवॉट और 12.42 किलोवॉट जैसे 3 बैटरी पैक ऑप्शंस मिल सकते हैं।



TATA
Somani Enterprises
Retailer TATA MOTORS Parts for Delhi
2803, Guru Nanak Auto Market, Kashmere Gate, Delhi-110 006, Ph.: 23974715, 23943477, 64532987

# 2025 में ईवी की सेल्स हो जाएगी 2 करोड़ के पार

फुल इलेक्ट्रिक और प्लग-इन हाइब्रिड व्हीकल्स की ग्लोबल सेल्स इस साल कम से कम 17 प्रतिशत बढ़कर 2 करोड़ यूनिट्स के लेवल के पार पहुंच जाने की उम्मीद है। ईवी मार्केट रिसर्च फर्म रो मोशन के अनुसार चीन में पुरानी कारों के बदले नई ईवी खरीदने पर जा रही सब्सिडी के कारण ईवी की ग्लोबल सेल्स में ग्रोथ होगी। यूरोप दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ईवी बाजार है। यूरोप में ईवी सेल्स के ग्रोथ ट्रेक पर लौट आने की उम्मीद है क्योंकि कड़े सीओ2 एमिशन नॉर्म्स लागू हो रहे हैं और सस्ते मॉडल्स की नई रेंज भी लॉन्च हो रही है।

हालांकि ईवी सेल्स में ग्रोथ 2023 की तुलना में धीमी रहेगी। रो मोशन के हेड ऑफ रिसर्च इओला ह्यूजेस ने कहा कार कम्पनियां 2025 को एक बड़े बदलाव के साल के रूप में देखते हैं क्योंकि यूरोप ईवी अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए नया टार्गेट बना रहा है। चीन ने सब्सिडी बढ़ाई है। ग्रोथ की यह उम्मीद ऐसे दौर में की जा रही है जब अमेरिका राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप ने ड्रिल बेबी ड्रिल का नारा देकर ऑयल इंडस्ट्री को सपोर्ट करने का मन बना लिया है। साथ ही अमेरिका ईवी सेल्स के अपने टार्गेट को भी घटा रहा है। चीन मे ईवी की सेल्स 2025 में 17 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है और सब्सिडी का दायरा बढ़ने से इसमें फायदा होगा। रो मोशन के अनुसार 2024 में ईवी की सेल्स रिकॉर्ड 40 प्रतिशत बढ़कर 1.1 करोड़ यूनिट्स रही। मेड इन चायना ईवी की सेल्स लेटिन अमेरिका में 2024 के ट्रेंड्स से ही आगे बढ़ेगी। इन देशों में इनका ईवी मार्केट में शेयर 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र और उभरते बाजारों में ग्रोथ जारी रहेगी। यूरोप में पिछले साल 30 लाख ईवी बिके थे और 2025 में इसमें 15 प्रतिशत की ग्रोथ होने का अनुमान है। रो मोशन के अनुसार लीगेसी कार कम्पनियां कार्बन क्रेडिट खरीदने पर लगभग 10 बिलियन यूरो खर्च कर रही हैं। अमेरिका में ईवी की सेल्स 2025 में 16 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है और ईवी सेल्स पर ट्रंप की धमक का कोई खास असर नहीं पड़ेगा।



# जॉन डियर ड्राइवरलैस ट्रेक्टर...

**अमेरिका** की ऑफरोड वेहीकल दिग्गज जॉन डियर ने कहा है कि वह खेती में क्रांति लाने के लिए आने वाले वर्षो ड्राइवरलैस ट्रेक्टर की पूरी रेंज लॉन्च करेगी। कंपनी ने 2022 में पहला ड्राइवरलैस ट्रेक्चर लॉन्च किया था। कंपनी का मानना है कि इनसे खेती में मजदूरों की कमी से निपटने में मदद मिलेगी। कंपनी इस रेंज में जल्दी ही ड्राइवरलैस डंप ट्रक, ज्यादा फीचर वाला ड्राइवरलैस ट्रेक्चर और एक रोबोट लॉन मोअर (घास काटने की मशीन) लॉन्च करेगी। जॉन डीयर के टेक्नोलॉजी चीफ जैमी हाइंडमैन ड्राइवरलैस मतलब फुल ड्राइवरलैस। ड्राइवरलैस ट्रेक्चर पहले ही खेत में इस्तेमाल शुरू हो चुका है। कंपनी 2030 तक मक्का और सोयाबीन के लिए फुल ऑटोनोमस सिस्टम लॉन्च करेगी। 2030 से पहले कंपनी आर्टिकुलटेड माइनिंग डंप ट्रक बाजार में आएगा जिसकी कैपेसिटी 46 टन की होगी। जॉन डियर की सहायक कंपनी ब्लू रिवर टेक्नोलॉजी की माया श्रीपदम कहती हैं कि इस डंप ट्रक खुद फैसले ले सकेगा और इसे मानवीय कंट्रोल की कोई जरूरत नहीं होगी। कंपनी कैलिफोनिया के मजदूरों की किल्लत से परेशान अखरोट बागानों के लिए पेड़ों मे दवा और खाद डालने वाले ड्राइवरलैस ट्रैक्टर भी लॉन्च करेगी।



**डिसक्लेमर :** – परिवहन सम्पदा में प्रकाशित हर प्रकार के कंटेंट के जरिए पाठकों को कारोबारी जगत में हो रहे घटनाक्रम की जानकारी, विश्लेषण, सूचनाएं आदि देने का प्रयास रहता है। इनमें से कई बार ऐसे कंटेंट का प्रकाशन भी हो सकता है जो परिवहन सम्पदा के पास उपलब्ध जानकारियों से मेल नहीं खाता हो व अलग हो। इसलिए परिवहन सम्पदा में प्रकाशित कंटेंट के आधार पर अगर कोई कैसा भी निर्णय करता है तो उसकी जिम्मेदारी परिवहन सम्पदा नहीं लेता है। पाठक स्वयं अपने विवेक से ही निर्णय करें ऐसी अपेक्षा की जाती है। परिवहन सम्पदा में जिन विज्ञापनों का प्रकाशन किया जाता है उनके बारे में यह स्पष्ट किया जाता है कि परिवहन सम्पदा का किसी भी विज्ञापनदाता से विज्ञापन के अलावा अन्य कोई सारोकार नहीं है और न ही विज्ञापनों में दर्शाई सामग्री का कोई समर्थन परिवहन सम्पदा पत्रिका द्वारा किया जाता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण व दावे के लिए विज्ञापनदाता ही जिम्मेदार होगा। परिवहन सम्पदा में प्रकाशित कंटेंट लेखकों, न्यूज एजेंसी व संपादकीय विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं जिनपर पूरी तरह से परिवहन सम्पदा का सर्वाधिकार है। परिवहन सम्पदा में प्रकाशित किसी भी तरह के कंटेंट का किसी भी व्यक्ति, संस्थान या अन्य द्वारा बिना परिवहन सम्पदा की लिखित अनुमति के प्रकाशन व प्रसारण किया जाना गैर-कानूनी होगा।

sona
Driving Tomorrow
KANSAL AUTO TRADERS
123, Gurunanak Auto Market
Kashmere Gate, Delhi-110 006
Mobile: 9811031573, 9811031547

केन्द्र सरकार की तैयारी....

# वाहन का थर्ड पार्टी बीमा होने पर ही मिलेगा पेट्रोल-डीजल और फास्टैग रिचार्ज

जल्द ही पेट्रोल-डीजल, सीएनजी और फास्टैग लेने से लेकर ड्राइविंग लाइसेंस रिन्यू करने और प्रदूषण नियंत्रण सर्टिफिकेट लेने के लिए आपको अपने वाहन का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस दिखना होगा। अगर आपके पास इंश्योरेंस नहीं होगा तो परेशानी का सामना करना पड़ सकता करना है। वित्त मंत्रालय ने सड़क मंत्रालय से कहा है कि वह थर्ड पार्टी इंश्योरेंस को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए। हाल ही में, संसद की वित्त समिति ने सरकार से तीसरे पक्ष के बीमा को बढ़ाने के उपायों पर विचार करने का सुझाव दिया था। अभी भी बड़ी संख्या में वाहनों का थर्ड पार्टी बीमा नहीं है, हालांकि मोटर वाहन अधिनियम में इसके लिए सख्त सजा का प्रावधान है। इसलिए मंत्रालय यह कदम उठाने जा रहा है। नए प्रस्तावों में बीमा नहीं होने पर वाहन मालिकों को एसएमएस भेजा जाएगा। देश में 50% वाहन थर्ड पार्टी बीमा से कवर्ड नहीं हैं।




## क्या है थर्ड पार्टी इंश्योरेंस :

यह इंश्योरेंस सभी वाहन मालिकों के लिए अनिवार्य है। यह तीसरे पक्ष के वाहन, संपत्ति और शारीरिक चोट से होने वाले नुकसान के खिलाफ तीसरे पक्ष को सुरक्षा प्रदान करता है। इस पॉलिसी में बीमाधारक को कोई कवर नहीं मिलता है।

## तो सरकार 50% टैक्स माफ करेगी

बीएस-2 मानक वाले वाहनों को रोड से पूरी तरह से हटाने और प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने के लिए सरकार बड़ा कदम उठा सकती है। परिवहन मंत्रालय ने बीएस-2 और उससे पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के बा द नई गाड़ी खरीदने पर एकमुश्त टैक्स में छूट को बढ़ाकर 50% तक करने का प्रस्ताव रखा है। अभी पुराने निजी वाहन को स्क्रैप करने के बाद नई गाड़ी खरीदने पर मोटर वाहन टैक्स में 25% की छूट दी जाती है। व्यावसायिक वाहनों के मामले में छूट 15% तक सीमित है। मंत्रालय के ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में कहा गया है कि बीएस मानक के लागू होने से पहले बने सभी वाहनों पर 50% तक की छूट लागू होगी।



LUK
CLUTCH
KANSAL AUTO TRADERS
123, Gurunanak Auto Market
Kashmere Gate, Delhi-110 006
Mobile: 9811031573, 9811031547

Upcoming
Special Issues
Annual Special
15 April 2025
Independence Day
15 August 2025
Diwali Special
15 October 2025
New Year Special
30 December 2025
ACMA automechanika Special
30 January 2026
For More Details please Contact
# 09414076426, 08209138320
E-mail : info@parivahansampda.com

# ढलती उम्र में बढ़ते यूरिक एसिड को कैसे करें कंट्रोल

बदलती जीवनशैली में बढ़ती उम्र के साथ यूरिक एसिड के बढ़ने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। हम अपनी लाइफस्टाइल के चलते इसको नियंत्रित भी कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं कि ढलती उम्र में बढ़ते यूरिक एसिड को कैसे नियंत्रित किया जाए? यूरिक एसिड हमारे शरीर में एक वेस्ट पदार्थ है जो तब बनता है जब शरीर भोजन और पेय पदार्थों में मौजूद प्यूरीन नामक रसायनों को तोड़ता है। आमतौर पर, ज्यादातर यूरिक एसिड हमारे रक्त में घुल जाता है, गुर्दे से होकर गुजरता है, और मूत्र के रास्ते शरीर से बाहर निकल जाता है। लेकिन जब शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बहुत ज्यादा हो जाती है, तो इसे हाइपरयूरिसीमिया कहते हैं।

उम्र के साथ यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने की समस्या आम होती जा रही है। आपको शायद पता भी न चले कि आपको हाइपरयूरिसीमिया है। लेकिन समय के साथ, आपके रक्त में यूरिक एसिड ज्यादा बनने से दर्द और अन्य लक्षण हो सकते हैं। यह आपके शरीर की हडि्डयों, जोड़, टेंडन, लिगामेंट को प्रभावित करता है। इससे बचने के लिए आपको प्यूरीन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचना होगा।




प्यूरीन यूरिक एसिड के निर्माण को बढ़ावा देता है। प्यूरीन से भरपूर खाद्य पदार्थों में लाल मांस, ऑर्गन मीट (जैसे कि लीवर, किडनी), समुद्री भोजन (जैसे कि झींगा, मछली) और बीन्स शामिल हैं। इनका सेवन कम से कम करें। यूरिक एसिड को नियंत्रित करने के लिए फलों और सब्जियों का भरपूर-सेवन करना चाहिए। फल और सब्जियां यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में सहायक होती हैं। खासकर चेरी, सेब और खीरा खाने से बढ़ते यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को बढ़ने से रोकने के लिए अधिक पानी पीने की भी जरूरत होती है। आपको रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए। पानी शरीर से यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मदद करता है।

यूरिक एसिड को नियंत्रित करने के लिए आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें और नट्स जैसे आयरन युक्त खाद्य पदार्थ यूरिक एसिड के स्तर को नियंत्रित करने में मददगार हो सकते हैं। यूरिक एसिड को नियंत्रित करने के लिए आपको अपने खानपान की आदतों में बदलाव करने के अलावा अपने बढ़ते शारीरिक वजन पर भी ध्यान देना होगा। इसके लिए आपको अपने शरीर का वजन कम करना होगा। यदि आप ओवरवेट हैं तो स्वस्थ आहार और नियमित व्यायाम के जरिए वजन कम करने की कोशिश करें। वजन कम करने के लिए अत्यधिक कैलोरी के सेवन से बचें और संतुलित आहार लें।

साथ ही, सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। लंबे समय तक एक ही जगह पर बैठे रहने से यूरिक एसिड का स्तर बढ़ सकता है। दिनभर शारीरिक गतिविधियां सक्रिय रखें और बैठने का समय कम करें। यूरिक एसिड को नियंत्रित में रखने के लिए आपको धूम्रपान और शराब के सेवन से भी बचना होगा। धूम्रपान से यूरिक एसिड का स्तर बढ़ सकता है और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बीयर और अन्य शराब में विशेष रूप से प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है, जो यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकती हैं।

इसके अलावा, अगर आप बढ़ते यूरिक एसिड की वजह से मुश्किलों से गुजर रहे हैं, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें। डॉक्टर आपकी स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर दवा की सलाह दे सकते हैं। अपने यूरिक एसिड के स्तर की नियमित जांच करवाएं ताकि स्थिति का समय पर आकलन किया जा सके और आवश्यक कदम उठाए जा सकें। इन सबके अलावा आपको अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना होगा। तनाव को कम करना होगा। योग, ध्यान और गहरी सांस लेने की तकनीक तनाव को कम करने में मददगार हो सकती है। इसके लिए आपको पर्याप्त नींद लेने की भी जरूरत है। इन सब चीजों से यूरिक एसिड को नियंत्रित करने में मदद करती है।

No. 1 in Tansmission Gears
STEEL RINGS WITH THREADED / MOLY / CARBON LINING

Carbon Threaded | Moly Carbon Coated | Carbon Lining
Distributor :
THE BRITISH MOTOR CAR CO. (1934) PVT. LTD.
BMC House, Showroom No. S-3, Govind Marg
Adarsh Nagar, Jaipur - 302004 (Rajasthan)
Mobile : 9811862019, 9829067001

# एमजी मोटर्स :

## भारत में पांच अलग-अलग मॉडलों का व्यापक ईवी पोर्टफोलियो होगा

भारत मोबिलिटी एक्सपो में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के पवेलियन का पीएम नरेंद्र मोदी ने जायजा लिया। इस मौके पर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के निदेशक पार्थ जिंदल और सीईओ एमिरेट्स राजीव चाबा ने पीएम मोदी को एमजी मोटर्स के आधुनिक वाहनों, स्मार्ट टेक्नोलॉजी नई खोज और हरित भविष्य के बारे में कंपनी की प्रतिबद्धता की जानकारी दी।

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में एमजी मोटर इंडिया ने नए युग की शुरूआत करते हुए एमजी साइबरस्टर और एमजी एम 9 का अनावरण किया। एमजी साइबरस्टर देश का पहला ऑल-इलेक्ट्रिक रोडस्टर है। वहीं, एमजी एम 9 देश का पहला इलेक्ट्रिक तीन रो वाला प्रेसिडेंशियल लिमोजिन है। इन वाहनों को इसी साल बाजार में उतारा जाएगा। इनकी प्री बुकिंग आरंभ हो चुकी है। इसके साथ ही एमजी का भारत में विभिन्न श्रेणियों में 5 अलग-अलग मॉडलों का व्यापक ईवी पोर्टफोलियो होगा, जिसमें एमजी विंडसर, कॉमेट और एमजी जेडएस शामिल हैं।



# किआ ईवी6 हुई डिस्प्ले,

## बुकिंग शुरू

**किआ** इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में नई ईवी6 को अनवील किया है। कंपनी ने कहा है कि यह लॉन्च के लिए तैयार है और बुकिंग शुरू हो गई हैं।

ईवी6 को पहली बार 2022 में भारत में पेश किया गया था और यह मौजूदा ईवी6 का अपडेट अवतार है। इस अपटेडेट मॉडल का उत्पादन मई 2024 में दक्षिण कोरिया में शुरू हुआ था। इसमें एक नए बैटरी ऑप्शन को जोड़ने के साथ ही इंटीरियर, एक्सटीरियर और फीचर्स के लेवल पर कई बदलाव किए गए हैं। कंपनी फिलहाल ईवी6 को सीबीयू यानी पूरी तरह से बनी हुई इंपोर्ट कर बेच रही है। किआ ईवी6 के इस नए अवतार में 27 एडवांस्ड सेफ्टी और ड्राइवर असिस्टेंस फीचर्स दिए गए हैं। जिनमें अर्बन, पेडेस्ट्रियन, साइकल चालक और जंक्शन मोड़ इमेज को ऑगमेंट करने के साथ ही फ्रंट कोलिजन अवॉइडेन्स असिस्ट (एफसीए) के साथ-साथ लेन चेंज असिस्ट और इवेसिव स्टीयरिंग असिस्ट फंक्शन भी शामिल हैं। इन फीचर्स के कारण क्रेश सेफ्टी से था ही स्ट्रक्चरल स्ट्रेंथ बढ़ती हैं। ईवी6 अब 19-इंच और 20-इंच के ब्लैक-सिल्वर अलॉय व्हील्स के साथ आती है। परफॉर्मेंस अपग्रेड में 84-किलोवॉट की बैटरी शामिल है जो 650 किमी से अधिक की रेंज और 325 किलोवॉट और 605 एनएम का टॉर्क देती है। कंपनी का दावा है कि ईवी6 को 350 किलोवॉट डीसी चार्जर से केवल 18 मिनट में 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। किआ ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में अपनी फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक एसयूवी ईवी9 को भी डिस्प्ले किया है। जिसमें 99.8 किलोवॉट की बैटरी 561 किमी तक की रेंज देती है। ईवी9 में किआ कनेक्ट 2.0 के साथ ही ओवर-द-एयर सॉफ्टवेयर अपडेट की सुविधा है। एक्सपो में, किआ इंडिया ने किआ साइरोस को भी पेश किया और चौथी पीढ़ी की बैटरी टेक्नोलॉजी के साथ ई-जीएमपी प्लेटफॉर्म पर निर्मित अपने ई-विजन कॉन्सेप्ट को भी डिस्प्ले किया है।



Super Quality Motor Parts For All Vehicles



ROYAL
Auto Industries (REGD.)
#138, Street No. 1, Bachiter Nagar, Gill Road, LUDHIANA - 141006
Contact Person : 09464880096, 09417355581 ( Hardeep Singh)
Email : rai.ludhiana@gmail.com

Subscription Rates

| Period (Fortnightly Edition) | Govt. Post | Courier |
|---|---|---|
| One Year Subcription | 500.00 | 1000.00 |
| Three Year Subcription | 1200.00 | 2500.00 |
| Five Year Subcription | 1750.00 | 4000.00 |
| Life Time Subcription (15 Years) | 4000.00 | 11000.00 |

For Subscription Scan QR Code and Join Us:

No. 1 in Tansmission Gears

GAJRA
CLUTCH
SYSTEM
A RANGE TO RELY ON
FOR ALL YOUR NEEDS!

A Complete range of Clutch and Clutch Parts
for MAV, HCV, LCV, Tractor, Jeep, Tata Ace & Maxximo.

Distributor :
THE BRITISH MOTOR CAR CO. (1934) PVT. LTD.
BMC House, Showroom No. S-3, Govind Marg
Adarsh Nagar, Jaipur - 302004 (Rajasthan)
Mobile : 9811862019, 9829067001

# वाहन डीलर अनुचित व्यापार प्रणाली का दोषी, एक लाख रूपए शास्ति का आदेश



**राष्ट्रीय** उपभोक्ता संरक्षण आयोग के सदस्य अध्यक्ष दिनेश सिंह एवं न्यायाधीश करूणा नंद वाजपेयी की खंडपीठ के समक्ष एक याचिका कार की खरीद उसके मूल्य व उसके मॉडल संबंधित विवाद को लेकर सीपीएल मोटर्स प्रा. लिमिटेड बनाम बलदेव सिंह संबंधित प्रकरण में विचारार्थ प्रस्तुत की गई।

इस प्रकरण का संक्षिप्त विवरण यह है कि 19.2.2021 को शिकायतकर्ता के द्वारा एक कार टाटा इंडिया विस्टा एक्वा TDI की खरीद की गई। इसके द्वारा कुल 420672 रूपए का भुगतान किया गया। डीलर ने कार को नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से बीमित किया था तथा शिकायतकर्ता से 11512 रूपए प्रीमियम की वसूली भी की गई थी। कार की सुपुर्दगी अस्थाई पंजीयन के साथ शिकायतकर्ता को की गई, लेकिन डीलर के द्वारा अतिरिक्त 23088 रूपए की मांग की गई और इससे विवाद की शुरूआत हो गई। डीलर ने कहा कि उसके द्वारा टाटा इंडिका विस्टा TDI Refresh (P-White) की सुपूर्दगी की गई और इसकी अतिरिक्त लागत 23088 रूपए थी। शिकायतकर्ता ने जिला ट्रिब्यूनल के समक्ष शिकायत दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान डीलर ने अपना पक्ष रखा। जिला ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में परस्पर समझौते से समस्या के हल का आदेश दिया, लेकिन यह समझौता संभव नहीं हुआ। प्रतिपक्षी अधिवक्ता को ट्रिब्यूनल ने विक्रय पत्र व फार्म 21 प्रस्तुत करने का आदेश दिया, ताकि शिकायतकर्ता इस वाहन का पंजीयन अपने पक्ष में करवा सके। ट्रिब्यूनल ने कहा कि मूल्य के संबध में निर्णय सुनवाई के दौरान किया जाएगा और अगर शिकायतकर्ता को अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ता है, तो उसको उचित निर्देश दिया जाएगा। इसके पश्चात जिला फोरम ने शिकायत को खारिज करने का आदेश दिया तथा शिकायतकर्ता को अतिरिक्त 23088 रूपए के भुगतान का आदेश दिया गया। इस आदेश के विरूद्ध शिकायतकर्ता ने राज्य आयोग के समक्ष अपील की। इसके साथ ही डीलर ने जिला ट्रिब्यूनल से अपील की कि उसके शेष 23088 रूपए का भुगतान दिलाया जाए। इसी संदर्भ में पुन: एप्लीकेंट की ओर से कहा गया कि उसको 13000 रूपए का भुगतान प्राप्त हो गया है और अब कोई राशि बकाया नहीं है।

राज्य आयोग ने भी शिकायतकर्ता की अपील को स्वीकार किया। आयोग ने कहा कि बीमा कवर में भी मॉडल वही है जो बिल में लिखा गया है गेट पास पर भी यही लिखा गया है कि वाहन 420672 रूपए में बेचा गया है, जबकि बिल जो 12.5.2011 को जारी किया गया था। उसमें अलग ही मॉडल का उल्लेख किया गया है। यह दस्तावेज जिला फोरम के आदेश के पश्चात जारी किया गया है तथा प्रतिवादी ने जानबूझ कर मॉडल का उल्लेख बदलने का कार्य किया है, जिसमें इंजिन चेसिस नंबर नहीं लिखा गया है। जबकि शिकायतकर्ता को प्राप्त व प्रतिवादी द्वारा दिया गया पूर्व दस्तावेज इंजन व चेसिस नंबर युक्त रहा है। उसमें टाटा विस्टा TDI Aqua III का उल्लेख है और उसी नाम से पंजीयन प्रमाण पत्र भी जारी किया गया है और 425836 रूपए की राशि का उल्लेख है न कि 442248 रूपए का कोई उल्लेख है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर जो अपील दायर की गई, उसको स्वीकार किया गया तथा जिला फोरम के आदेश को अस्वीकार किया गया। शिकायतकर्ता की शिकायत को स्वीकार किया गया तथा प्रतिवादी को 20000 रूपए का भुगतान शिकायतकर्ता के पक्ष में क्षतिपूर्ति के रूप में करने का भी निर्देश दिया गया तथा 10000 रूपए कानूनी खर्च के रूप में भी भुगतान करने का आदेश दिया गया।

राष्ट्रीय आयोग ने अपनी सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य आयोग ने सभी पक्षों पर गंभीरता के साथ विचार किया है। आयोग ने कहा कि अस्थाई प्रमाण पत्र रजिस्ट्रेशन बीमा पॉलिसी सभी टाटा इंडिका विस्टा एक्वा TDI के संदर्भ में जारी किए हैं और उसकी संपूर्ण राशि प्राप्त कर ली गई थी। उसके पश्चात शिकायतकर्ता को 23088 रूपए के भुगतान के लिए परेशान किया गया है तथा डीलर के द्वारा Retrech P/White की बात कही गई है जो अनुचित व्यापार प्रणाली के अंतर्गत आता है।

आयोग ने रिविजन पिटिशन को खारिज करने का आदेश दिया तथा एक लाख रूपए की शास्ति उपभोक्ता कानूनी सहायता खाते में जमा करने का आदेश अपीलेंट के विरूद्ध दिया गया। राज्य आयोग के आदेश को उचित करार दिया गया।

> गलतियां करने में बिताया गया जीवन ना सिर्फ अधिक सम्मानीय है, बल्कि बिना कुछ किये बीताये गए जीवन से अधिक उपयोगी भी है।

# टाटा मोटर्स की सिएरा, हैरियर ईवी और अविन्या एक्स कॉन्सेप्ट पेश

**टाटा** मोटर्स ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपने तीन मॉडलों सिएरा आइस, हैरियर ईवी और अविन्या एक्स कॉन्सेप्ट को डिस्प्ले किया है। टाटा मोटर्स ने सिएरा आइस के कॉन्सेप्ट को डिस्प्ले के साथ ही अपने सबसे पहले यूवी मॉडल वाले सिएरा ब्रांडनाम को नया जीवन दिया है। यह एसयूवी इंजन (आइस)और ईवी वेरिएंट में उपलब्ध है। इसके जरिए कंपनी मारूति सुजुकी ग्रैंड विटारा, होंडा एलिवेट, हुंडई क्रेटा और किआ सेल्टोस वाले सैगमेंट में मुकाबला गर्माना चाहती है।

एक्सपो में डिस्प्ले मॉडल को नियर-प्रोडक्शन कॉन्सेप्ट बताया जा रहा है। सिएरा आइस के दो इंजन विकल्पों की पेशकश करने की उम्मीद है। एक इंजन 1.5-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन और दूसरा 170 बीएचपी जेनरेट करने वाला 2-लीटर डीजल इंजन। चर्चा है कि कंपनी इसे 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन ऑप्शन के साथ पेश करेगी।

## टाटा अविन्या एक्स कॉन्सेप्ट




टाटा मोटर्स ने अविन्या एक्स कॉन्सेप्ट भी पेश किया। माना जा रहा है। यह कंपनी के प्रीमियम ईवी के नए लाइनअप का पहला मॉडल होगा। यह बड़ी कूपे-एसयूवी 2022 में डिस्प्ले की गई अविन्या कॉन्सेप्ट के वैगन डिजायन से अलग है। अविन्या रेंज में पहला मॉडल 2026 में लॉन्च होने की उम्मीद है।

अविन्या एक्स कॉन्सेप्ट में सामने और पीछे के विंडस्क्रीन, हाई ग्राउंड क्लीयरेंस और मस्कुलर बॉडी पैनल हैं। यूनीक डिजायन एलीमेंट वाली इस एसयूवी के फ्रंट में बड़ा सा टी




लोगो है, जो एक एलईडी लाइटिंग सिग्नेचर के असर को दोगुना कर देता है।

## टाटा हैरियर ईवी

टाटा मोटर्स ने कंपनी की पहली मिडसाइज इलेक्ट्रिक एसयूवी हैरियर ईवी को भी एक्सपो में डिस्प्ले किया है। यह टाटा मोटर्स की मचअवेटेड इलेक्ट्रिक एसयूवी है जो अगले कुछ महीनों में लॉन्च हो जाएगी। हैरियर ईवी को प्रीमियम ईवी सेगमेंट में महिन्द्रा एक्सईवी9 और बीवाईडी एटो3 जैसे खिलाड़ियों के मुकाबले पेश किया जाना है। हैरियर ईवी में सेफ्टी फीचर्स के रूप में 7 एयरबैग, लेवल-2 अडैस, एक टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, एक 360 डिग्री कैमरा और फ्रंट और रियर पार्किंग सेंसर शामिल हैं। हालांकि उम्मीद से उलट कंपनी ने अभी इसकी प्राइस नहीं बताई है।



शुभारंभ

"क्वालिटी में जब भी होगा आपका विश्वास, तो मार्क बियरिंग होगा हमेशा आपके पास....."

# पटना में हुआ मार्क बियरिंग के जोनल आफिस का उद्घाटन

## आईएएस आलोक रंजन घोष की मौजूदगी में संपन्न हुआ कार्यक्रम

**30 वर्षो के अनुभव, 25 देशों में नेटवर्क और 1700 प्रकार की बेयरिंग्स बनाती है कंपनी**

बेयरिंग निर्माण के क्षेत्र में देश की अग्रगणनीय कंपनी मार्क बेयरिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के जोनल ऑफिस का भव्य उद्घाटन बिहार की राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित पीसी कॉलोनी के महेंद्र सदन में समारोहपूर्वक किया गया। अपने संबोधन में एमडी मनसुख मकाडिया ने संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में समर्पित और निष्ठावान टीम के सहयोग से ही इच्छित व्यावसायिक लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऑटोमेटिव और इंडस्ट्रियल बेयरिंग के उत्पादक और निर्यातक के रूप में मार्क ने अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरने में सफलता पाई है। इस बात की चर्चा बेल्जियम, स्पेन, साउथ अफ्रीका और कई देशों की बड़ी कंपनियों ने यशोभूमि द्वारका में आयोजित इंटरनेशनल एक्सपो में भी की थी और मार्क बेयरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड उस आयोजन के आकर्षण केंद्र बिंदु में भी रही थी। 30 वर्षों के अनुभव, 25 देशों में नेटवर्क और 1700 प्रकार की बेयरिंग्स बनाती है कंपनी डायरेक्टर राकेश भाई और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर हर्ष पारीख ने कहा कि हमारी कंपनी लगभग 1700 प्रकार के बेयरिंग का निर्माण करती है। हम अपने 30 वर्षो के अनुभव के आधार पर लगभग 25 देशों में व्यावसायिक नेटवर्क चला रहे हैं। कंपनी के ऑल इंडिया सेल्स हेड राजस दीक्षित ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा ध्येय है और हमारी ऊर्जावान टीम इस दिशा में लगातार सक्रिय है। सफलता पूर्व से की गई तैयारी का परिणाम है





सिर्फ सामान बेचना नहीं है बल्कि ग्राहक और बाजार के अतीत को जानना और भविष्य के संभावना का तलाश करना भी है। सेवानिवृत आईएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह, स्वान एग्रो के नेशनल हेड राज कुमार संधू, कैरियर व्हील प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अपूर्वा जैन ने दूरभाष पर मार्क बियरिंग कंपनी के प्रबंधन और कर्मियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार मनीष राज ने किया। इन गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ कार्यक्रम मौके पर आईएएस आलोक रंजन घोष, पटना के अपर समाहर्ता पुष्पेश कुमार, बिहार सरकार के पूर्व विशेष सचिव भूपेंद्र यादव, उप सचिव ब्रजकिशोर चौधरी, खगड़िया के जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी विमल कुमार सिंह, पटना के चर्चित व्यवसाय मोटर स्पेयर्स के राजेंद्र अग्रवाल, संजीव कपूर, दयानिधि प्रसाद सिंह, मोहन शर्मा, मनोरंजन सिंह, राकेश कुमार सिंह, सुभाष







कंपनी के ऑल इंडिया मार्केटिंग एडवाइजर और मार्गदर्शक शंभू कुमार ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य यह है कि हम अपनी सफलता को ग्राहकों की संतुष्टि में बदल सकें। हम जैसा लक्ष्य रखेंगे वैसा लक्षण स्वतः प्राकृतिक रूप से आ जाता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मार्केटिंग का उद्देश्य

कुमार, जयंत कुमार सिंह, गोपाल कुमार सिंह, हिमांशु कुमार, संगम मोटर्स के सभी सहयोगी गण, मार्क के समस्त सेल्स प्रतिनिधिगण, पत्रकार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।







**समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथिगणों का स्वागत व स्मृतिचिन्ह भेंट करते हुए श्री मनसुख मकाड़िया**

# मार्क बियरिंग के जोनल आफिस का पटना में शुभारंभ

## पटना की जानीमानी हस्तियों ने की शिरकत



मुख्य अतिथि डॉ. आलोक रंजन घोष (आईएएस) इंडस्ट्रीज डायरेक्टर, उद्योग विभाग (बिहार सरकार) का प्रसन्न मुद्रा में स्वागत करते हुए श्री शंभु कुमार।




उद्घाटन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ. आलोक रंजन घोष के पिता श्री पी. सी. घोष अपना शुभ आशीर्वाद श्री शंभु कुमार को देते हुए साथ में खड़ी उनकी माताश्री व परिवारजन।







उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. आलोक रंजन घोष व परिवारजनों के साथ श्री शंभु कुमार



मार्क बियरिंग्स टीम को प्रोत्साहन देते हुए डॉ.आलोक रंजन घोष



मार्क बियरिंग्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनसुख मकाड़िया, सीईओ श्री हर्ष पारीख, डायरेक्टर श्री राकेश भाई व श्री शंभु कुमार उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आलोक रंजन व उपस्थित अतिथिगणों के साथ यादगार पलों को कैद करते हुए।

Silent Motion
MARC™
BEARINGS
Since 1996

PHOTO GALLERY

# दार्शनिक दृष्टि में ऑटो एक्स्पो 2025

# आज की प्रतिस्पर्धा में संभावनाओं की खोज में कम्पनियां




भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में एनबीसी बियरिंग के पैवेलियन पर जनरल मैनेजर श्री शरद गुप्ता के साथ श्री शंभु कुमार व संपादक अवनीश जैन।




भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में एआरबी बियरिंग के पैवेलियन पर मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विनोद गोयल व श्री वासु गोयल के साथ श्री शंभु कुमार व संपादक अवनीश जैन।



टैक्सपीन बियरिंग की स्टॉल पर श्री वैभव पटेल (प्रबन्धन ब्राण्ड एण्ड मार्केटिंग) के साथ श्री शंभु कुमार व संपादक अवनीश जैन।




ऑटो एक्स्पो 2025 में मार्क बियरिंग की स्टॉल पर प्रसन्न मुद्रा में डायरेक्टर श्री मनसुख मकाड़िया अपनी टीम के साथ गुणवत्ता का प्रदर्शन करते हुए।



देश की चर्चित एवं प्रतिष्ठित कंपनी कैरियर व्हील प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अपूर्वा जैन व मार्केटिंग टीम के साथ श्री शंभु कुमार।




देश की चर्चित एवं प्रतिष्ठित कंपनी बैडिको प्रा. लि. के डायरेक्टर श्री पवन बेदी एवं ENDURA-OMFA BELT के डायरेक्टर श्री अनुज परसैया के साथ मार्केटिंग विशेषज्ञ दार्शनिक शंभु कुमार (बिहार)

PHOTO GALLERY

## ऑटो एक्स्पो 2025 में मार्क बियरिंग की गरिमामयी उपस्थिति

# मार्क बियरिंग ने ऑटो एक्स्पो में छोड़ा अपना मार्क



भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में मार्क बियरिंग की स्टॉल पर मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनसुख मकाड़िया, सेल्स हैड श्री राजश्री दीक्षित व उनकी मार्केटिंग टीम।



ऑटो एक्स्पो 2025 में मार्क बियरिंग की स्टॉल पर मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनसुख मकाड़िया व उनकी प्रबन्धन समिति विजिटर्स से वार्ता करते हुए।







भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में मार्क बियरिंग की स्टॉल पर मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनसुख मकाड़िया व बिहार, बंगाल और आसाम के सुपर डिस्ट्रीब्यूटर संगम मोटर्स, खगड़िया (बिहार) के श्री शंभु कुमार।






भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में मार्क बियरिंग की स्टॉल पर मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनसुख मकाड़िया व उनकी मार्केटिंग टीम। साथ में संपादक श्री अवनीश जैन व मार्क बियरिंग स्टॉल पर विजिटर्स की गहमागहमी।

Silent Motion
MARC™ BEARINGS
Since 1996


भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में सभी प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन
arc TTI
लद्दी जा लद्दी जा
Required
Sales Representative
For Chattisgarh / Odisha
Bengal / Rajasthan
Send your CV at
E-mail or Contact
Leaf & Parabolic Springs
Bronze Bushing
Spring Pins
ARC Industries : 21 Nathupur Industrial Area , Sonipat , Haryana
www.arcautoindustries.com | Ph: +918527368996,9899487898


arc TTI
लद्दी जा लद्दी जा
भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में सभी प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन
Required
Sales Representative
For Chattisgarh / Odisha
Bengal / Rajasthan
Send your CV at
E-mail or Contact
• Leaf & Parabolic Springs
• Bronze Bushing
• Spring Pins
ARC Industries : 21 Nathupur Industrial Area , Sonipat , Haryana
www.arcautoindustries.com | Ph: +918527368996,9899487898

PHOTO GALLERY

# टफला ब्रेक्स के स्टैण्ड पर विजिटर्स का भारी ठहराव

## प्रगति, सम्मान, सहभागिता का प्रदर्शन




भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में 'टीबीएल ब्रेक्स' के मैनेजिगं डायरेक्टर श्री भुवनेश गोयल व मार्केटिंग हैड श्रीमति दीक्षा भाटिया अपने स्टैण्ड में आये अतिथियों का स्वागत कर उपहार देते हुए।





भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में 'टीबीएल ब्रेक्स' के मैनेजिगं डायरेक्टर श्री भुवनेश गोयल व मार्केटिंग हैड श्रीमति दीक्षा भाटिया व मार्केटिंग सलाहकार श्री मधुकर शर्मा अपने स्टैण्ड में आये अतिथियों का स्वागत करते हुए।









TBL
TOUGHLA BRAKE LININGS
TRULY AUTOMOTIVATED

PHOTO GALLERY

# टफला ब्रेक्स के आकर्षक स्टैण्ड पर प्रोडक्ट्स प्रदर्शन





भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में श्री भुवनेश गोयल अपने स्टैण्ड पर आये अतिथियों के साथ प्रसन्न मुद्रा में।







भारत मोबेलिटी ग्लोबल ऑटो एक्स्पो 2025 में 'टीबीएल ब्रेक्स' के मैनेजिगं डायरेक्टर श्री भुवनेश गोयल व मार्केटिंग हैड श्रीमति दीक्षा भाटिया व मार्केटिंग सलाहकार श्री मधुकर शर्मा अपने स्टैण्ड में आये अतिथियों के साथ।








TBL
TOUGHLA BRAKE LININGS
TRULY AUTOMOTIVATED

Authorised Distributor/Dealer

# MODI MOTORS

25, B & C, Truck Stand, Near Water Tank, Transport Nagar, Jaipur-302 003
+91-141-2641551, 4032062 +91-98291 46911, 94143 87522
modimotor001@gmail.com

BIGGEST RANGE OF PRODUCTS IN RAJASTHAN

Distributor Required For JOLLY Hose Clips

JHAVERI THE PERFECT TOOLS
SORL STEERING PUMP & BRAKE PARTS
TIEROS U.J. CROSS & SUSPENSION PARTS
TVS BRAKE LININGS
TVS GIRLING BRAKE OIL
ZF WABCO Repair Kits & Filters
TVS NUTS & BOLTS
TVS WATER PUMP ASSEMBLY
Rane CLUTCH & U. J. CROSS
USHA PISTON & RINGS
JK Fenner FAN BELTS
JK Fenner COOLANT
Rane TRW
R.P.W. CHASSIS PARTS
Prima GREASE GUN
FRAS-LE ENSURING SAFETY BRAKE LININGS
KNORR-BREMSE BRAKE PARTS
AMRIT Drive Smart BUSHES
NRB BEARINGS
silver seal OIL SEAL & RUBBER PARTS
Rane BRAKE LININGS
Rajnish
JK Pioneer OIL SEALS
MEKO GENUINE SPARES WATER BODY
BANCO GASKET
NAI LEYLAND PARTS
SKF OIL SEALS
JOLLY WORM DRIVE HOSE CLAMPS
PLASMA BULBS
ROSE LOCK WASHER & SHIM
Gibraltar AIR SPRINGS
NOTO AXEL CHECK NUT, KAMANI PIN, CENTRE BOLT & PRESSURE JACK
mansons Driving change
Anabond
AAYUB FLY WHEELS
SRMT
TEXSPIN Bearings and Automotive Systems
SPICER SVL DRIVETRAIN PRODUCTS
KALTROL SPEED & CONTROL CABLE ASSEMBLY
NIRMAL AUTO COMPONENTS

Largest Customer Network In Rajasthan

Also Deals in FLY WHEEL ASSEMBLY & HUB DRUM

Providing 600+ Customers With Satisfactory Services





Bharat Mobility Global Expo 2025

# India's largest ever Components Show Kicks Off in New Delhi, Driving Innovation, Sustainability, and Future-Ready Mobility

*1,000+ exhibitors, 60+ product launches, and 5 country pavilions to showcase global automotive innovation at The Auto Components Show.*

The Bharat Mobility Global Expo 2025, with The Components Show as an integral part, was inaugurated at the prestigious Yashobhoomi (India International Convention & Expo Centre) in Dwarka, New Delhi. India's largest ever and most anticipated Components Show is a comprehensive platform that highlights India's strength in mobility innovation and manufacturing. While the show focuses on future-ready solutions like electrification, autonomous technologies, and sustainability, it also highlights the prowess of India's automotive supply chain. The components show was inaugurated by *Shri Piyush Goyal, Union Minister of Commerce & Industry, and Shri Jitin Prasada, Union Minister of State of Commerce & Industry and Electronics and Information Technology* in presence of other industry leaders.

The event is poised to set new benchmarks in automotive and mobility exhibitions, showcasing the future of the automotive ecosystem in India and beyond. The Bharat Mobility Global Expo 2025 – The Components Show will run from 18th January 2025 to 21st January 2025, attracting stakeholders from across the globe eager to witness India's automotive ecosystem stepping "Beyond Boundaries" towards a more sustainable, innovative, and connected future. Shri Goyal during the event unveiled the *Show Directory & ACMA Buyers Guide* and the *ACMA Report on Transitioning to EVs-Opportunities & Impediments*. The unveiling of the Show Directory and Buyer's Guide, Shri Goyal remarked, shows the confidence of the auto component sector.

The Components Show will span 70,000 sq. meters with 1,000+ exhibitors from seven countries, including five country pavilions and thematic zones for EVs, bearings, and accessories. Attracting 50,000+ visitors and global delegations, the event will feature 60+ product launches, interactive forums, and engagement initiatives, making it a key platform for innovation and collaboration in the automotive industry. From live demonstrations to curated product launches, the event highlights India's emergence as a hub for groundbreaking technologies and transformative mobility solutions.

**Shri Piyush Goyal, Union Minister of Commerce & Industry,** said, *"The Bharat Mobility Global Expo 2025 reflects the confidence and resilience of India's auto component industry, a sector that has become the heart of our mobility ecosystem and a net exporter—a remarkable achievement. As we transition to 'Design and Innovate in India for the world,' we must leverage innovation and technology to build an indigenous EV ecosystem, reduce import dependence, and seize global opportunities. With ambitious targets like $100 billion in exports over the next decade, this industry will play a pivotal role in shaping Viksit Bharat 2047 and establishing India as a global leader in sustainable mobility."*

This landmark event will bring the spotlight on India's prowess as a global manufacturing hub for automotive components, electric vehicles (EVs), connected technologies, and sustainable mobility solutions. The Expo provides a unique opportunity for OEMs, Tier-1 and Tier-2 suppliers, start-ups, policymakers, and academia to collaborate and exchange knowledge. The vision of the event underscores the importance of sustainability, new age technologies, and the transformative potential of collaboration across the automotive and mobility sector.

This edition of the Auto Components Show, visually represents sustainability as a collective endeavour fostering a harmonious convergence of policy, innovation, and responsibility. It has three intersecting circles representing the partnership between stakeholders, converging to enable sustainable future. The **Converge for Green** reflects India's vision of breaking boundaries to shape tomorrow's mobility. The motifs symbolize synergy and progress. The **Gear Motif (Blue)** represents the components sector driving innovation, the **Leaf Motif (Green)** signifies sustainability and green mobility, and the **Flower Motif (Orange)** celebrates the growth of startups fueling economic progress. Together, these elements highlight India's leadership in sustainable, forward-thinking mobility solutions.

The Bharat Mobility Global Expo 2025 will feature more than nine concurrent shows, each focusing on different aspects of the mobility ecosystem, ensuring comprehensive coverage of the industry across three prime locations: Bharat Mandapam in New Delhi, Yashobhoomi in Dwarka, Delhi and India Expo Centre & Mart in Greater Noida.

TATA

**Somani** Auto Pvt. Ltd.

Somani Chambers, Besides Mohan Marriage Palace, G.E. Road, Tatibandh
Raipur-492 004 Ph.: 6533351, 4022992, 4054351 E-mail : somaniauto@rediffmail.com

Distributor
TATA MOTORS
Parts for
Chhattisgarh

2025 AUTO EXPO THE COMPONENTS SHOW | Bharat Mobility GLOBAL EXPO 2025

**ऑटोमोबाइल महाकुंभ**

# एक्सपो में लॉन्च टेक्नोलॉजी ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बदल देगी

भारत मंडपम में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में करोड़ों की महंगी गाड़ियां दर्शकों का दिल जीता। 70 लाख रूपए से 9 करोड़ कीमत तक की इन कारों में कई लग्जरी फीचर्स हैं, जिससे ये आकर्षण का केंद्र बनें। एक्सपो में पेश अत्याधुनिक तकनीक वाली गाड़ियां के साथ इनमें लगने वाली बैटरी और चार्जिंग टेक्नोलॉजी भी काफी एडवांस्ड हो गई है। एक्सपो में लॉन्च हाइटेक बैटरी और चार्जिंग टेक्नोलॉजी आने वाले कुछ साल में भारत के प्राइवेट-पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को पूरी तरह बदल देगी। एक्सपो में चार्जर बनाने वाली कंपनियों ने कहा, पिछले दो साल में स्वेदेशी चार्जर की तकनीक में सुधार आया है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों सभी कंपनियों के एक तरह के चार्जर होंगे।

## घर की बिजली चला सकती है यह कार

**किआ मोटर्स** की ईवी-9 कार को फैमिली कार के तौर पर तैयार किया गया है। दावा है कि इसे व्हीकल टू होम आधार पर डिजाइन किया गया है। अगर घर में बिजली की आपूर्ति ठप हो जाती है तो आप इस कार से घर में बिजली सप्लाई दे सकते हैं। घर के 3.6 किलोवाट लोड को यह कार 24 घंटे तक चला सकती है। इसके जीटी वेरिएंट की कीमत 1.3 करोड़ रूपए है।




आने वाले दिनों में सभी कंपनियों के एक तरह के चार्जर होंगे




## गाड़ी की तरह ट्रैक होगी बैटरी

**ई-वाहन** की बैटरी चोरी होने का डर नहीं होगा। कंपनी ने बैटरी की लाइव ट्रैकिंग करने के लिए अपग्रेड किया है। युमा एनर्जी के एमडी और महाप्रबंधक मुथु सुब्रमण्यन ने बताया कि कंपनी ने उत्पाद लांच किए हैं। इन बैटरी में सिम लगे हुए हैं। इसकी मदद से बैटरी को लाइव ट्रैक कर सकेंगे। हर पल पता चलेगा कि बैटरी की कैसी हालत है। एक्सपो में जीओन ने भी नई इनोवेशन ईवी बैटरी को प्रस्तुत किया।

## पुरानी रॉल्स रॉयस फैटंम सबसे महंगी कार

**इस साल** के मोबिलिटी एक्सपो में वर्ष 2018 मॉडल की रोल्स रॉयस फैंटम-8 सबसे महंगी कार बनी हुई है। इसकी कीमत 8. 99 करोड़ रूपए है। कुल 12700 किलोमीटर चली यह कार बिग बॉय टॉयज कंपनी की प्रदर्शनी में लगी है। इसके नए मॉडल की कीमत लगभग 16 करोड़ रूपए है। प्रदर्शनी में रोल्स रॉयस की साल 2022 मॉडल फैंटम-8 कार भी मौजूद है। इसकी कीमत 11. 99 करोड़ रूपए है।




GAJRA
No. 1 in Tansmission Gears

EATON (6S GEARS)



Distributor :
THE BRITISH MOTOR CAR CO. (1934) PVT. LTD.
BMC House, Showroom No. S-3, Govind Marg
Adarsh Nagar, Jaipur - 302004 (Rajasthan)
Mobile : 9811862019, 9829067001

# करोड़ों की कारें जीत रहीं दर्शकों का दिल, लग्जरी कारें बनीं आकर्षण का केंद्र



Mercedes-Benz

## ई-क्लास में सेल्फी कैमरा और इंटरनेट

**मर्सिडीज** ने अपनी ई-क्लास-450 कार को नए अवतार में बाजार में उतारा है। इस कार के अंदर सेल्फी कैमरा है। यानी इस कार में बैठकर आप ऑफिस मीटिंग भी ले सकते हैं। इसमें इंफोटेनमेंट के लिए सुपर स्क्रीन है, जिस पर मीटिंग में जुड़े अन्य लोगों की तस्वीर भी डिस्प्ले होगी।





## छह गुना कम समय में होगा चार्ज

आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक ट्रक पेंटोग्राफ की मदद से चार्ज होगा। आईआईटी मद्रास और एआरएआइ ने ओवरहेड चार्जिंग डिवाइस प्रस्तुत किया है। इसकी मदद से ई-बस व ट्रक को छह गुना कम समय में चार्ज किया जा सकेगा। बस इन्हें उपकरण के नीचे पार्क करना होगा। मौजूदा समय में चार्जिंग में तीन घंटे लगते हैं, उसे आधे घंटे में चार्ज कर देगा।

## किआ सायरोस 9 लाख में

**किआ** ने नई बी सैगमेंट की एसयूवी सायरोस को लॉन्च कर दिया है। इसकी एंट्री प्राइस 9 लाख रूपए (एक्स-शोरूम) है और टॉप-एंड मॉडल 17 लाख रूपये का है। सोनेट और सेल्टॉस के बीच पोजिशन की गई सायरोस को कंपनी ने दो इंजन ऑप्शन 1लीटर 3-सिलिंडर टर्बो पेट्रोल और 1.5 लीटर 4-सिलिंडर डीजल इंजन में पेश किया है। 1लीटर इंजन में 6-स्पीड मैन्युअल और 7-स्पीड डीसीटी गियरबॉक्स का ऑप्शन दिया है। 1.5 लीटर इंजन के साथ 6-स्पीड मैन्युअल और टॉर्क कन्वर्टर गियरबॉक्स का विकल्प दिया गया है। आठ कलर ऑप्शन ग्लेशियर व्हाइट पर्ल, स्पार्कलिंग सिल्वर, प्यूटर ऑलिव, इंटेंस रेड, फ्रॉस्ट ब्लू, ऑरोरा ब्लैक पर्ल, इंपीरियल ब्लू और ग्रेविटी ग्रे में आई किआ सायरोस में कंपनी ने लेवल-2 अडैस के साथ ही दो 12.3-इंच की स्क्रीन और डैशबोर्ड पर एसी कंट्रोल के लिए अलग डिस्प्ले दिया है। इसमें वायरलेस एपल कारप्ले और एंड्राइड ऑटो, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, पैडल शिफ्टर्स, पावर्ड ड्राइवर सीट, ऑटो-होल्ड फंक्शन के साथ इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक और वायरलैस चार्जर जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं। इसकी सैकंड रो सीट स्लाइडिंग, रिक्लाइनिंग और वेंटिलेशन फंक्शन के साथ आती है।




GEARS
KANSAL AUTO TRADERS
123, Gurunanak Auto Market
Kashmere Gate, Delhi-110 006
Mobile: 9811031573, 9811031547

## पांच साल बढ़ जाएगी पंजीकरण की अवधि

**कॉमर्शियल** डीजल-पेट्रोल वाहनों के पंजीकरण समाप्त होने पर उनमें इलेक्ट्रिक सिस्टम लगवाकर अब चालक वाहन के पंजीकरण की अवधि बढ़वा सकते हैं। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में इस तकनीक को प्रदर्शित किया गया। इस तकनीक से कॉमर्शियल वाहनों की 5 वर्ष की पंजीकरण अवधि बढ़ने के साथ-साथ प्रति किलोमीटर पर 10 रूपए की बचत भी होगी। साथ ही बढ़ रहे प्रदूषण में कमी लाई जा सकेगी। स्टार्टअप कंपनी आइएक्स एनर्जी ने बताया कि कमर्शियल डीजल-पेट्रोल वाहनों को इलेक्ट्रिक में बदलने का पूरा सिस्टम लगाने में अलग-अलग श्रेणी और आकार के वाहनों के लिए 6 लाख रूपए से 17.50 लाख रूपए तक का खर्च आता है। इनमें लोडिंग की क्षमता उतनी ही रहती है जितनी कंपनी देती हैं।

TRADE
FARMOX®
GENUINE SPARES
MARK



Spindle Axle, Top Link Assy.,
Wheel Hub, Lower Link Chain, Leveling Lift
Jack, Tie Rod End, Centre Pins, Hitch Pin,
Top Link Pin, Tiller Pin, Brake Drums
ROYAL AUTO INDUSTRIES (Regd.)
(Manufacturer:- Tractor, Trolly, Jeep & Motor Parts)
#138, Street No. 1, Bachiter Nagar, Gill Road, LUDHIANA - 141006 (Pb.)
Phone : (M) 09417355581, 09463005769, 09464880096
E-mail : rai.ludhiana@gmail.com







SUZUKI

## मारुति सुजुकी के मार्केटिंग एंड सेल्स हेड ने कहा.....

# हमने सिर्फ एक प्रोडक्ट नहीं, पूरा ईवी इकोसिस्टम लॉन्च किया

